समाचार

हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए महापौर ने

कोरबा 12 मई 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के हितग्राहियों को बीस–बीस हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद मदन सिंह, कांग्रेस नेत्री मंगल बुधिया, अमन पटेल, निगम सचिव पवन वर्मा, संजय झा, चन्द्रकांत आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने 09 हितग्राहियों को बीस–बीस हजार रूपये की सहायता राशि के चेक दिए। जिन हितग्राहियों को यह सहायता राशि आज प्रदान की गई उनमें वार्ड क्र. 07 सीतामणी निवासी जयकला देवी साहू, वार्ड क्र. 42 शिवनगर रूमगरा निवासी वृंदा राठौर, वार्ड क्र. 10 कुम्हारपारा सीतामणी निवासी आमन बेगम , वार्ड क्र. 40 सेक्टर–05 बालको निवासी मोंगरा बांधकर, वार्ड क्र. 15 भैंसखटाल निवासी गौरी चौहान, वार्ड क्र. 36 नया रिसदा भदरापारा निवासी धनकुंवर महंत, वार्ड क्र. 35 शांतिनगर बालको निवासी अहमद अली खान, वार्ड क्र. 09 भिलाईखुर्द क्र.–02 निवासी कचरा बाई पटेल, तथा वार्ड क्र. 09 भिलाईखुर्द क्र–02 लक्ष्मीन बाई आदि हितग्राही शामिल है।